हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
www.livehindustan.com

Page NO :07 Middle

बरेली की एंजिल को गाजियाबाद की अवनि ने हराया

टेबल टेनिस

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

आठवें श्री राममूर्ति मेमोरियल यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का गुरुवार को एसआरएमएस में शुभारंभ हो गया। टूर्नामेंट में 22 जिलों के 230 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पहले दिन गर्ल्स कैडेट वर्ग के दूसरे राउंड में बरेली की एंजिल सिंह को गाजियाबाद की अवनि त्रिपाठी ने 11-7, 11-3, 11-1 से हरा दिया।

कैडेट गर्ल्स के दूसरे राउंड में ही गाजियाबाद की अनिका गुप्ता ने कानपुर की नंदिका गुप्ता, वाराणसी की अनोखी केशरी ने आगरा की अर्पिता अग्रवाल, गौतम बुद्ध नगर की तृषा ने कानपुर की अमिषा गुप्ता, आगरा की परी सिंह ने प्रयाग की मनस्वी निषाद, आगरा की सुहानी अग्रवाल ने कानपुर की अवाना, गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने वाराणसी की सौम्या सिंह को हराकर तीसरे राउंड में प्रवेश किया। जूनियर ब्वॉयज वर्ग के तीसरे राउंड में गाजियाबाद के अक्षत त्यागी ने आगरा के बादल कुमार, आगरा के हर्ष शाह ने कानपुर के ओज पांडे, गाजियाबाद के पार्थ बेलवाल ने लखनऊ के श्रेय सिंह, आगरा के साहिल कुमार ने गौतम बुद्ध नगर के ओम मजूमदार, आगरा के प्रणव ने कानपुर के उज्ज्वल रस्तोगी, लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने लखनऊ के ही हर्ष को हराकर अगले चरण में प्रवेश किया। तीसरे राउंड में ही गाजियाबाद के शिवम चंद्रा ने आगरा के शिवम चौधरी, गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा ने आगरा के मौलिक चतुर्वेदी, गाजियाबाद के धैर्य सिंघल ने प्रयाग के एवी पाल, गौतमबुद्ध नगर के श्रीधर जोशी ने कानपुर के अंश राजपूत, आगरा के आशुतोष कुमार सिंह ने गाजियाबाद के कनव कौशिक को हरा दिया। इससे पहले एसआरएमएस ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। डॉ. प्रभाकर गुप्ता, आशीष कुमार, सोवन मोहंती, डॉ. दीपेंद्र कमथान, अमित सिंह, इंडियन कोच सौम्या सिन्हा आदि मौजूद रहे।

एसआरएमएस में शुक्रवार को हुये श्री राममूर्ति टीटी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता

- यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ
- टूर्नामेंट में 22 जिलों के 230 खिलाड़ी ले रहे भाग